**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**31.07.2024/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

## "आज के मुख्य समाचार"

- केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने किन्नौर ज़िले में शोंगटोंग–कड़छम जल विद्युत परियोजना के दूसरे चरण को दी मंजूरी।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा– शिमला में बनेगा देश का सबसे बड़ा रोपवे– एक हज़ार 7 सौ 34 करोड़ रूपये की लागत से होगा निर्माण।
- राज्य के कई ज़िलों में आज ईडी ने की छापेमारी– निजी अस्पतालों में आयुष्मान भारत योजना में कथित अनियमितताओं को लेकर की छानबीन।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर केंद्रीय परियोजनाओं में रोड़े अटकाने का लगाया आरोप।

### विद्युत परियोजना

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने किन्नौर ज़िले में शोंगटोंग–कड़छम जल विद्युत परियोजना के दूसरे चरण को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में बताया कि राज्य सरकार के प्रयासों से केंद्र सरकार ने परियोजना के लिए लगभग 85 बीघा ज़मीन के उपयोग को स्वीकृति प्रदान कर दी है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के निर्माण के लिए बेहद महत्वपूर्ण ये स्वीकृति वर्ष 2018 से केंद्र सरकार के पास लंबित थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये परियोजना राज्य की विद्युत उत्पादन क्षमता को बढ़ाएगी और इससे प्रदेश की आर्थिकी मज़बूत होगी। उन्होंने कहा कि 4 सौ 50 मैगावॉट शोंगटोंग–कड़छम जल विद्युत परियोजना का निर्माण कार्य वर्ष 2012 में अवॉर्ड किया था, जो नवम्बर 2026 तक पूरा होना है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि परियोजना से विद्युत उत्पादन के लिए एक ट्रांसमिशन लाईन बिछाई जा रही है।

### रोपवे

शिमला में देश के सबसे बड़े 14 किलोमीटर रोपवे का निर्माण प्रस्तावित है। ये रोपवे तारादेवी से पुराने बस अड्डे, संजौली और अन्य क्षेत्रों को जोड़ेगा, जिससे शहर में लगातार बढ़ रही ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिलेगी। इस रोपवे को लेकर आज शिमला में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने बताया कि शिमला में बनने वाला ये रोपवे दुनिया का दूसरा और भारत का पहला सबसे बड़ा रोपवे होगा। इसका निर्माण लगभग एक हज़ार 7 सौ 34 करोड़ रूपये की लागत से होगा और इसमें करीब 2 सौ 20 ट्रॉली बनाई जाएगी व 14 स्टॉपेज होंगे। अग्निहोत्री ने बताया कि इस वर्ष के अंत या नए वर्ष की शुरूआत में इस परियोजना का कार्य शुरू हो जाएगा और इसे अगले पांच वर्ष में पूरा करने का प्रयास

किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे जहां ट्रैफिक समस्या से निजात मिलेगी वहीं पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

## ईडी

प्रदेश के कई ज़िलों में आज सुबह से ही प्रवर्तन निदेशालय द्वारा छापेमारी की गई। कांगड़ा ज़िले में 3 निजी अस्पतालों और उनके मालिकों के घरों पर छापेमारी की गई है। नगरोटा से कांग्रेस विधायक आर.एस.बाली व देहरा से कांग्रेस नेता राजेश शर्मा के घरों और उनके निजी अस्पतालों में ईडी की दबिश से ज़िले में हड़कंप मच गया। ईडी की टीम करीब 40 गाड़ियों में पहुंची और आयुष्मान भारत कार्ड से जुड़ी अनियमितताओं की छानबीन की। जानकारी के अनुसार फोर्टिस अस्पताल और बालाजी अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के फर्जी कार्डों पर कई मैडिकल बिल बनाए गए हैं और शिकायत के बाद ईडी ने छापेमारी की है। कुल्लू और भुंतर के हाथीथान में एक निजी अस्पताल में भी ईडी की टीम ने छापेमारी की और स्वास्थ्य बीमा योजना में अनियमितताओं की शिकायतों की छानबीन की गई। ऊना और मंडी सहित कई अन्य ज़िलों में भी ईडी की टीम ने छापेमारी की है। टीम की सुरक्षा में बड़ी संख्या में सी.आर.पी.एफ. के जवान भी शामिल रहे।

## सिकंदर कुमार

राज्यसभा डॉक्टर सांसद सिकंदर कुमार ने आज राज्यसभा में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का मुद्दा उठाया और हिमाचल में इसकी वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी मांगी। इसके जवाब में केंद्रीय मत्स्य पालन मंत्री राजीव रंजन सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के माध्यम से नीली क्रांति लाने का प्रयास किया जा रहा है और पिछले 4 वर्षों में हिमाचल के मत्स्य विकास प्रस्तावों को केंद्रीय अंश के साथ लगभग एक सौ 27 करोड़ रूपये की राशि मंजूर की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में मत्स्य और जलीय कृषि गतिविधियों के माध्यम से 12 हज़ार से अधिक युवाओं को रोज़गार मिला है। राजीव रंजन सिंह ने कहा कि गगरेट में अत्याधुनिक मत्स्य प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए केंद्र सरकार ने 5 करोड़ 17 लाख रूपये के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इस बीच डॉक्टर सिकंदर कुमार ने केंद्रीय गृह मंत्री से भेंट की और हिमाचल के विकास के लिए अनेक योजनाएं मंजूर करने पर उनका आभार प्रकट किया। सांसद ने केंद्रीय मंत्री से हिमाचल के विकास के लिए और अधिक सहयोग का आग्रह भी किया।

## इंदू गोस्वामी

इस बीच सांसद इंदू गोस्वामी ने राज्यसभा में यूरिया खाद का मुद्दा उठाया। इस पर केंद्रीय रसायन व उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बताया कि हिमाचल में यूरिया खाद की कोई कमी नहीं है और इस वर्ष 25 जुलाई तक 23 हज़ार 6 सौ 20 मीट्रिक टन यूरिया की आपूर्ति की गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चालू खरीफ मौसम के दौरान उर्वरक कंपनियों द्वारा कांगड़ा ज़िले को 2 हज़ार 5 सौ मीट्रिक टन से अधिक यूरिया खाद की आपूर्ति की गई है।

## विक्रमादित्य

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश में एक सौ से दो सौ की आबादी वाले सड़क सुविधा से वंचित गांवों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में मुख्य सड़कों से जोड़ा जाएगा। कांगड़ा ज़िले के नूरपुर में एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण की घोषणा हुई है और उसमें पहले चरण में छुटी हुई 9 सौ किलोमीटर सड़कों को भी जोड़ा जाएगा। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए वे स्वयं फील्ड की दौरा कर कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा और कोताही बरतने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। बाद में विक्रमादित्य सिंह ने चंबा ज़िले के डलहौजी और खजियार में भी विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि डलहौजी–खजियार संपर्क सड़क का उन्नयन केंद्रीय सड़क व अवसंरचना निधि के तहत किया जाएगा।

**जयराम**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार द्वारा बल्क ड्रग पार्क का निर्माण अपनी खुद की शर्तों पर बनाने के निर्णय की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केंद्र सरकार द्वारा बल्क ड्रग पार्क के विकास के लिए दी गई 30 करोड़ रूपये की धनराशि वापिस करने जा रही है, जो सही नहीं है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार इस पार्क में भी भ्रष्टाचार के रास्ते तलाश रही है, जिससे प्रदेश का बहुत बड़ा नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार केंद्रीय परियोजनाओं में अड़ंगे लगा रही है और रोज़गार व राजस्व के एक बड़े स्रोत को राजनीति की भेंट चढ़ाया जा रहा है। इस बीच जयराम ठाकुर के नेतृत्व में हाटी समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से लोकसभाकार्यालय में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने जनजाति दर्जा देने के लिए केंद्र सरकार का आभार जताया, वहीं राज्य सरकार द्वारा इस कानून को लागू न करने के संबंध में भी गृह मंत्री को अवगत करवाया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से जल्द से जल्द इस कानून को लागू करवाने का आग्रह किया।

**कुलदीप राठौर**

कांग्रेस विधायक कुलदीप राठौर ने कहा कि सांसद राहुल गांधी देश की आवाज़ बनकर उभर रहे हैं और केंद्र में सरकार में बैठे नेताओं को ये बात रास नहीं आ रही है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि लोकसभा में सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा राहुल गांधी पर अशोभनीय टिप्पणी की गई है जो सदन के विपक्ष के नेता के खिलाफ सही नहीं है। कुलदीप राठौर ने कहा कि भाजपा नेताओं को अनाप–शनाप बयानबाजी करने से पहले अपने गिरेबान में झांककर देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार में मंत्री न बनाए जाने से अनुराग ठाकुर हताश हैं।

**कर्ण नंदा**

इस बीच प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा है कि लोकसभा में अनुराग ठाकुर के दमदार भाषण से कांग्रेसी नेता परेशान हैं। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस नेताओं को उनका

असली चेहरा दिखाया है, जिससे पार्टी बौखला गई है। कर्ण नंदा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी लोकसभा में अनुराग ठाकुर के भाषण की प्रशंसा की है।

**भाजपा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा का देशभर में एक पेड़ मां के नाम अभियान कल से शुरू हो रहा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि प्रदेश के प्रत्येक बूथ पर 50 पौधे लगाए जाएंगे और 8 हज़ार स्थानों पर 4 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने प्रदेश के सभी लोगों से इस अभियान में बढ़चढ़ कर भाग लेने और राज्य को हराभरा बनाने का आह्वान किया है।

**फुटबॉल**

आंध्रप्रदेश में होने वाली राष्ट्रीय जूनियर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए हिमाचल की टीम रवाना हो गई है। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार और प्रदेश फुटबॉल संघ के अध्यक्ष सुनील शर्मा बिट्टू ने महिला खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें प्रोत्साहित किया। बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश में फुटबॉल को बढ़ावा मिला है और प्रदेश से 22 महिला खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। हिमाचल की टीम का पहला मुकाबला 3 अगस्त को आंध्रप्रदेश के साथ होगा।

## अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर

- केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने किन्नौर ज़िले में शोंगटोंग–कड़छम जल विद्युत परियोजना के दूसरे चरण को दी मंजूरी।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा– शिमला में बनेगा देश का सबसे बड़ा रोपवे– एक हज़ार 7 सौ 34 करोड़ रूपये की लागत से होगा निर्माण।
- राज्य के कई ज़िलों में आज ईडी ने की छापेमारी– निजी अस्पतालों में आयुष्मान भारत योजना में कथित अनियमितताओं को लेकर की छानबीन।

**और**

- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर केंद्रीय परियोजनाओं में रोड़े अटकाने का लगाया आरोप।

.......................................................................................................................................